# करदाताओं की मदद से रिकॉर्ड राजस्व संग्रह

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

उपमुख्यमंत्री सह वाणिज्य कर मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कोरोना महामारी के बावजूद वित्तीय वर्ष 2020-21 में रिकार्ड जीएसटी संग्रह पर करदाताओं और विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं के विकास और आत्मनिर्भर बिहार बनाने के लिए विभाग से अधिकाधिक राजस्व वसूली की अपेक्षा थी।

उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना, स्थापना व्यय के अलावा



बिहार के समावेशी विकास के लिए मुख्यमंत्री की परिकल्पना सात निश्चय कार्यक्रम, निःशुल्क टीकाकरण, कौशल विकास, विश्वविद्यालय की स्थापना, बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण जैसे बड़े और महत्वपूर्ण कार्यों के क्रियान्वयन के लिए कोरोना के बावजूद बजटीय आकार को बड़ा रखा गया है।उन्होंने कहा कि वाणिज्य कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 32054.20 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 588852 करोड़ अधिक है। उन्होंने 22.50 प्रतिशत की इस वृद्धि के लिए विभाग की सटीक कार्ययोजना, सतत अनुश्रवण, व्यवसायिक संगठनों के सक्रिय सहयोग एवं करदाताओं के सकारात्मक सहयोग को कारण बताते हुए कहा कि इसी के फलस्वरूप विपरीत परिस्थितियों में भी राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो सकी है।